एक नजर में

मातृशक्ति ने किया बगलामुखी मंदिर में पूजन-अर्चन

इंदौर . मां अंजनि मातृशक्ति मंडल की 108 सौभाग्यवती मातृशक्ति का पूजन नलखेड़ा स्थित माँ बगलामुखी मंदिर पर गुप्त नवरात्रि की बेला में ललिता सहस्त्र नामावली से पूजन-अर्चन के साथ किया गया. इस अवसर पर आचार्य पं. राजेश शास्त्री, आचार्य पं. जितेन्द्र शर्मा एवं आचार्य पं. नीलेश जोशी ने ब्रह्मीन महामंडलेश्वर स्वामी गिरिजानंद सरस्वती भगवन की प्रेरणा से विधि विधान से पूजन संपन्न कराते हुए समाज एवं राष्ट्र में सुख, शांति एवं समृद्धि के लिए सामूहिक प्रार्थना की.

पच्चीस प्रतिशत कोल्ड स्टोरेज सोलर ऊर्जा से जुड़े

इंदौर . कोल्ड चेन सेक्टर के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित कोल्ड चेन इंडस्ट्री एसोसिएशन मध्य प्रदेश के स्वर्ण जयंती महोत्सव के दूसरे दिन सोलर ऊर्जा के उपयोग और तकनीकी नवाचार पर विशेष फोकस रहा. इस मौके पर देशभर से आई इंडस्ट्रीज एक्सपर्ट ने कोल्ड चेन इंडस्ट्रीज को बेहतर बनाने पर चिंतन किया. एसोसिएशन के अध्यक्ष हसमुख जैन गांधी, सचिव बाबूलाल चौधरी ब्रिलियंट कनवेंशन सेंटर में आयोजित इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए देश के कई राज्यों से कोल्ड स्टोरेज संचालक और किसान आए हुए हैं. कार्यक्रम के द्वितीय दिन कोल्ड स्टोरेज की नवीनतम मशीनरी एवं आधुनिक तकनीकों की प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया. इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सांसद शंकर लालवानी उपस्थित रहे. विभिन्न तकनीक सत्रों में वक्ताओं ने बताया कि देशभर में करीब 25 प्रतिशत कोल्ड स्टोरेज पहले ही सोलर पावर पर कन्वर्ट हो चुके हैं, जबकि लक्ष्य इसे 100 प्रतिशत रिन्यूएबल एनर्जी आधारित बनाना है. इसका फायदा कोल्ड स्टोरेज मालिक और किसानों को मिलेगा. कार्यक्रम के समन्वयक इंजीनियर जगदीश पटेल एवं सहसचिव अजीत वाधवानी ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान फेडरेशन स्तर के राष्ट्रीय पदाधिकारी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे. पुणे से पधारे मोटिवेशनल स्पीकर चकोर गांधी ने प्रेरक संबोधन दिया. उन्होंने अपने संबोधन में सकारात्मक को सफलता का मूल मंत्र बताए और कहा कि आप जैसा सोचेंगे वैसा होगा अच्छा सोचे, अच्छा होगा.

पोदार इंटरनेशनल स्कूल को अवॉर्ड

इंदौर . पोदार इंटरनेशनल स्कूल, इंदौर को अपनी शिक्षण विधा में तकनीकी का उत्कृष्ट स्तर पर उपयोग करने के लिए एल्डरॉक इण्डिया संस्था द्वारा अवॉर्ड देकर सम्मानित किया गया. प्राचार्य सुधीर महाजन ने बताया कि यह अवॉर्ड एक्सीलेंस इन एडॉप्शन ऑफ़ टेक्नोलॉजी इन पेडागोजी के नाम से इण्डिया टॉप स्कूल अवॉर्ड्स 2026 के कार्यक्रम में प्रदान किया गया. उन्होंने बताया स्कूल विद्यार्थियों के सम्पूर्ण व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास हेतु संकल्पबद्ध है. यहाँ उत्कृष्ट शैक्षणिक तकनीकी विधा से पढ़ाया जाता है. खेल एवं अन्य पाठ्योत्तर गतिविधियों पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है.

शिक्षकों को किया सम्मानित

इंदौर . कोचिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (सीएफआई) ने मैरियट में आयोजित एक गरिमामय आयोजन में शिक्षकों का सम्मान किया. टीचर्स अवॉर्ड सेरेमनी 2026 में प्रदेशभर के 93 शिक्षकों को उनके शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान के लिए सम्मानित किया गया. सेरेमनी के लिए न केवल इंदौर, बल्कि उज्जैन, भोपाल, जबलपुर और ग्वालियर से भी कई शिक्षक आए। जाने माने प्रोफेसर डॉ हर्षवर्धन हलवे ने मुख्य अतिथि के रूप में उन टीचर्स को सम्मानित किया, जिनके काम ने और शिक्षा के प्रति समर्पण ने इंस्टीट्यूट्स और समाज पर असर डाला है. उनके साथ विशेष अतिथि के तौर पर अंकित कैलोत्रा, रवि सुगंधी, अतिल अरोड़ा, सौरभ सिंह गौर, राजीव वर्मा, देवेंद्र बिलानी, जिन थॉमस, एन पी पाठक सर, स्वप्निल शर्मा, क्षितिज कानिक, कपिल जैन उपस्थित रहे. सीएफआई के डायरेक्टर आशीष गंभीर ने बताया कि सीएफआई ने मध्यप्रदेश स्टेट चैप्टर से शिक्षकों से रजिस्ट्रेशन मंगवाए थे. मध्यप्रदेश से 350 से ज्यादा की प्रविष्टियां मिली थी, जिसे जूरी मेंबर्स ने सिलेक्ट किया है. इस बार अवार्ड के लिए 93 शिक्षक चुने गए हैं.

बकायादारों पर होगी कुर्की की कार्रवाई

जिले में भू-राजस्व व डायवर्सन वसूली के लिए विशेष अभियान

इंदौर. जिले में भू-राजस्व एवं डायवर्सन शुल्क की वसूली के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा. अभियान के तहत भू-राजस्व और डायवर्सन शुल्क जमा नहीं करने वाले बकायादारों के विरुद्ध कुर्की की कार्रवाई की जाएगी.

इस संबंध में आज कलेक्टर कार्यालय में संबंधित अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई. बैठक में बताया कि सभी बकायादारों को नोटिस जारी कर दिए गए हैं. नोटिस की अवधि समाप्त होने के बाद भी जो बकायादार राशि जमा नहीं करेंगे, उनके विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी.

एसडीएम कल्याणी पांडे ने बताया कि कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर समस्त तहसीलों के तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं राजस्व निरीक्षकों की बैठक लेकर भू-राजस्व वसूली की समीक्षा की गई. कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर कॉलोनी सेल, नगर निगम, इंदौर विकास प्राधिकरण के फ्री-होल्ड पट्टे, खनिज विभाग, स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग सहित अन्य विभागों का समेकित डेटा संधारित कर समस्त तहसीलों में वितरित किया गया है, जिससे बड़े बकायादारों को चिन्हांकित कर प्रभावी कार्रवाई की जा सके. साथ ही वेबगिस पर उपलब्ध संभावित परिवर्तित सर्वे नंबरों के सत्यापन के लिए भी निर्देश दिए गए हैं. समस्त तहसीलदारों द्वारा बकायादारों को नोटिस जारी कर दिए गए हैं. कलेक्टर श्री वर्मा ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि नोटिस के बाद भी यदि बकाया राशि जमा नहीं की जाती है, तो बकायादारों के विरुद्ध नियमानुसार कुर्की सहित कठोर कार्रवाई की जाएगी.

नियमानुसार कार्रवाई करें

प्रभारी अधिकारी भू अभिलेख कल्याणी पांडे ने बताया कि डायवर्सन की मांग व वसूली की समीक्षा हेतु जिले के समस्त तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं राजस्व निरीक्षकों की बैठक आयोजित की गई. बैठक में जिले की राजस्व मांग की स्थिति की समीक्षा की तथा वसूली में अपेक्षित सुधार लाने के निर्देश प्रदान दिये गए .उपग्रह छवि के माध्यम से चिन्हित ऐसे समस्त प्रकरणों, जिनमें भूमि का उपयोग परिवर्तित होने के उपरांत भी डायवर्सन स्वीकृत नहीं कराया, उनके शीघ्र प्रकरण तैयार कर नियमानुसार कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए. निर्देशित किया गया कि ऐसे सभी डायवर्टेड प्रकरणों में मांग की सूचना पत्र जारी कर समयसीमा में वसूली सुनिश्चित की जाए.

विधवा के प्लॉट पर बदमाशों ने की दबंगई

स्टोर रूम तोड़कर सामान चोरी

इंदौर. लसूड़िया थाना क्षेत्र में एक विधवा महिला के प्लॉट पर जबरन घुसकर बाउंड्रीवाल और स्टोर रूम तोड़ने का मामला सामने आया. महिला के अनुसार आरोपी ने जमीन हड़पने की नियत से महिला की संपत्ति को नुकसान पहुंचाया और अंदर रखा सामान चोरी कर लिया. थाना प्रभारी तारेश कुमार सोनी ने बताया कि फिनिक्स टाउनशिप में प्लॉट नंबर 409 एवं 410 की मालकिन श्रीमती कविता पंवार ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई. उन्होंने बताया कि पड़ोसी राकेश विजयवर्गीय ने उनके भूखंड पर बनी बाउंड्रीवाल और स्टोर रूम तोड़ दिए. मौके पर जांच में पाया कि स्टोर रूम में रखा पूरा सामान गायब था. पीड़िता ने कहा कि वह विधवा है और बीमार रहती हैं, हाल ही में उनका ऑपरेशन हुआ था, जिसका फायदा उठाकर आरोपी ने अनाधिकृत प्रवेश किया. लसूड़िया पुलिस ने राकेश विजयवर्गीय के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया और चोरी व नुकसान का आकलन कर रही है.

चाकू लेकर घूम रहा युवक धराया

इंदौर . सदर बाजार थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध चाकू के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है. आरोपी बिना अनुमति लोहे का चाकू लेकर घूम रहा था. थाना प्रभारी यशवंत बडोले ने बताया कि कल दोपहर करीब 12.50 बजे पुराने थाने के पास बक्षीबाग एक्सटेंशन इलाके में गश्त के दौरान संदिग्ध युवक को रोका. तलाशी में उसके पास से एक लोहे का चाकू बरामद हुआ. आरोपी की पहचान 29 वर्षीय सोनू, पिता विजय कौशल निवासी 26 साउथ गाड़राखेड़ी के रूप में हुई. प्रारंभिक पूछताछ में उसने चाकू रखने का कोई जवाब नहीं दिया, पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है.

पतंगोत्सव : 26 जनवरी पर आसमान में उड़ेंगी सामाजिक सरोकार का संदेश देती पतंगें

महामंडलेश्वर उत्तम स्वामीजी के सानिध्य में होगा झंडावंदन

इंदौर. संस्था सृजन द्वारा पतंगोत्सव और बसंत पंचमी मिलन समारोह का आयोजन 26 जनवरी को एयरपोर्ट रोड स्थित बीएसएफ ग्राउंड पर किया जा रहा है,गणतंत्र दिवस पर तीन रंगों वाली समाजिक सरोकार का संदेश देने वाली हजारों पतंगे आसमान में उड़ेगी, इसमें इंदौर सहित 12 जिलों के पतंगबाज भाग लेंगे. श्रेष्ठ पतंगबाजों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय के साथ प्रोत्साहन पुरुस्कार भी दिया जाएगा. उत्सव सुबह 11 से शाम 6 बजे तक होगा. इस अवसर पर कार्यक्रम में केबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, विधायक रमेश मेंदोला सहित अन्य राजनेता पतंग उड़ाएंगे. इसमें झंडावंदन महामंडलेश्वर श्री उत्तम स्वामीजी के पावन सानिध्य में किया जायेगा।

संस्था के अध्यक्ष कमलेश खंडेलवाल संयोजक गोविंद गोयल ,महेश दलोद्रा ने बताया कि पतंगोत्सव में पतंगबाजी की प्रतियोगिता भी आयोजित की जायेगी जिसमे इंदौर, देवास, धार, उज्जैन, महू,राउ, देवास सहित 12 जिलों के पतंगबाज आएंगे. जिन्हें संस्था द्वारा 5000 पतंगे नि:शुल्क वितरित की जायेगी महोत्सव का आयोजन पिछले 21 साल से किया जा रहा है. यह पतंगबाजी उत्सव का 22 वा वर्ष है इस अवसर पर झंडा वंदन भी किया जायेगा. साथ ही देश भक्ति के गीत भी गाए जाएंगे. क्षेत्र के लोग सह परिवार उत्सव में भाग लेंगे। उत्सव की शुरुआत शहर के प्रमुख साधु-संतो, समाजसेवियों और राजनैतिक संगठनों के प्रमुखों की मौजूदगी में होगी।

मप्र अंडर 19 टीम ने पहली बार जीती कूच बिहार ट्रॉफी

इंदौर. मध्य प्रदेश की अंडर 19 टीम ने पहली बार कूच बिहार ट्रॉफी का खिताब अपने नाम किया है. रोमांचक फाइनल में मध्य प्रदेश ने गुजरात को 6 विकेट से हराया.

गुजरात ने पहली पारी में 38 रन की बढ़त ली थी लेकिन मध्य प्रदेश ने उन्हें दूसरी पारी में 133 पर आउट कर जीत के लिए आवश्यक 172 रन चार विकेट खोकर बना लिए. अंडर 16 टीम से चुने गए कुशाग्र नागर ने 71 रन बनाए. यशवर्धन सिंह ने पूरी स्पर्धा में 550 रन बनाए और 57 विकेट लिए. उन्हें स्पर्धा का मैन ऑफ द सीरीज घोषित किया गया. मध्य प्रदेश टीम के प्रशिक्षक सुनील धौलपुरे और कप्तान मनल चौहान थे.

क्लेफ्ट जागरूकता वैन अभियान की शुरुआत

कटे होंठ और तालु के इलाज को लेकर बढ़ेगी जागरूकता

इंदौर. क्लेफ्ट (कटे होंठ और तालु) पर केंद्रित गैर-सरकारी संस्था स्माइल ट्रेन इंडिया ने मध्य प्रदेश के वंचित और दूर-दराज़ इलाकों में क्लेफ्ट के इलाज को लेकर जागरूकता और पहुंच बढ़ाने के लिए एक विशेष क्लेफ्ट जागरूकता वैन अभियान की शुरुआत की है. स्माइल ट्रेन के सहयोगी अस्पताल केयर सीएचएल हॉस्पिटल में इस पहल का उद्घाटन झंडी दिखाकर किया गया. इस अवसर पर डॉक्टर, क्लेफ्ट से प्रभावित बच्चे और उनके परिवार, अस्पताल के प्रतिनिधि और स्माइल ट्रेन की टीम मौजूद रही.

यह पहल मध्य प्रदेश में जमीनी स्तर पर लोगों में जागरूकता बढ़ाने और समय पर क्लेफ्ट उपचार की बेहतर पहुँच सुनिश्चित करने पर केंद्रित है. पिछले 25 वर्षों में, स्माइल ट्रेन इंडिया ने मध्य प्रदेश में आठ पार्टनर अस्पतालों के माध्यम से 40,000 से अधिक नि:शुल्क क्लेफ्ट सर्जरी की है. इस अवसर पर दक्षिण एशिया की एरिया डायरेक्टर रेनू मेहता ने कहा भारत में आज भी क्लेफ्ट के समय पर इलाज में सबसे बड़ी बाधा जागरूकता की कमी है. इस जागरूकता वैन के माध्यम से हम जानकारी सीधे समुदायों तक पहुंचा रहे हैं. हमारा उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि परिवार जानें कि क्लेफ्ट/ कटेहोंठ और तालु पूरी तरह से ठीक किए जा सकते हैं, इलाज बिल्कुल मुफ्त है और यह सुविधा उनके घर के पास, केयर सीएचएल हॉस्पिटल जैसे स्माइल ट्रेन के पार्टनर अस्पतालों में उपलब्ध है. इस अभियान के तहत एक एलईडी स्क्रीन से लैस जागरूकता वैन को औपचारिक रूप से रवाना किया गया, जो मध्य प्रदेश के 11 जिलों में यात्रा करेगी.

समय पर उपचार जरूरी

मैक्सिलोफेशियल सर्जन और स्माइल ट्रेन प्रोजेक्ट डायरेक्टर डॉ. जयदीप चौहान ने कहा क्लेफ्ट के इलाज में जल्दी पहचान और समय पर उपचार बेहद जरूरी है. स्माइल ट्रेन के सहयोग से हमारे अस्पताल ने पिछले 20 वर्षों में 10,000 से अधिक नि:शुल्क क्लेफ्ट सर्जरी की हैं. हम सर्जरी के साथ-साथ स्पीच थेरेपी और ऑर्थोडॉन्टिक्स उपचार की सुविधाएं भी प्रदान करते हैं.

भारत की नवाचार यात्रा में मील का पत्थर स्टार्टअप इंडिया जैसे कार्यक्रम

आईसीएसआई स्टार्टअप वीक-2026 का आयोजन

इंदौर. राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के उपलक्ष्य में तथा स्टार्टअप्स को मार्गदर्शन प्रदान करने एवं उनके साथ पेशेवरों का दीर्घकालिक जुड़ाव स्थापित करने के उद्देश्य से द इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया (आईसीएसआई) द्वारा 12 से 16 जनवरी 2026 के दौरान स्टार्ट अप वीक का आयोजन किया गया. इसी श्रृंखला के अंतर्गत इंदौर चैप्टर द्वारा प्रीतमलाल दुआ सभागृह, इंदौर में एक दिवसीय विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया.

इंदौर चैप्टर के चेयरमैन सीएस अमित कुमार बारंगे ने बताया कि कार्यक्रम की थीम ट्रांसफॉर्मिंग स्टार्टअप इकोसिस्टम: क्रिएटिंग ए डिजीटली एम्पॉवर्ड नेशन अपने संबोधन में श्री बारंगे ने कहा कि स्टार्टअप इंडिया के दस वर्ष पूर्ण होना भारत की नवाचार यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है और ऐसे कार्यक्रम स्टार्टअप्स को सही दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज़, ग्वालियर (म.प्र.), अंजली पोखरियाल थी. सदस्यों के साथ आयोजित इंटरैक्टिव सत्र में प्रतिभागियों द्वारा पूछे गए कॉरपोरेट अनुपालन से जुड़े प्रश्नों का समाधान किया गया. तकनीकी सत्र में वैकल्पिक निवेश कोष विषय पर सीएस विनय मेहता ने व्यावहारिक जानकारियाँ साझा कीं. स्टार्टअप्स फंडरेज़िंग, ट्रांजैक्शन डॉक्यूमेंट्स एवं कंप्लायंस पर सीएस अरविंद कुमार मीणा एवं राघव धूत ने मार्गदर्शन प्रदान किया. अंतिम सत्र में श्री रजनीश वोहरा, सेवानिवृत्त अतिरिक्त आयुक्त (आयकर), मुंबई ने स्टार्टअप्स को उपलब्ध इनकम टैक्स हॉलिडे एवं एंजेल टैक्स छूट जैसे प्रत्यक्ष कर लाभों पर विस्तृत जानकारी दी. संचालन सीएस सुरभि अग्रवाल ने किया. कार्यक्रम में स्टार्टअप, प्रोफेशनल्स, उद्यमियों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति रही.

एक नजर में

हंसदास मठ परिसर में लक्ष्मीनारायण महायज्ञ का शुभारंभ

पवित्र नदियों के जल से भरे कलश की निकली शोभायात्रा

इंदौर, एयरपोर्ट रोड पीलियाखाल स्थित प्राचीन हंसदास मठ के दसवें लोकार्पण दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार से लक्ष्मीनारायण महायज्ञ का दिव्य अनुष्ठान हंस पीठाधीश्वर स्वामी रामचरणदास महाराज एवं महामंडलेश्वर महंत पवनदास महाराज के सान्निध्य में मठ परिसर में शोभा यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ, जो 23 जनवरी तक चलेगा. गुप्त नवरात्रि का शुभारंभ भी महायज्ञ के साथ हुआ.

मठ के पं. अमितदास महाराज ने बताया कि मठ स्थित भगवान रणछोड़जी एवं चिंतारहण पंचमुखी हनुमानजी को समर्पित यह अनुष्ठान आज से प्रतिदिन सुबह 8.30 बजे से दोपहर 1 बजे तक यज्ञाचार्य पं. विवेक कृष्ण शास्त्री के निर्देशन में विद्वान आचार्यों द्वारा संपन्न कराया जाएगा. आज बड़ी संख्या में यज्ञ में शामिल यजमानों एवं मठ से जुड़े श्रद्धालुओं ने पवित्र नदियों के जल से भरे कलश मस्तक पर धारण कर कलश यात्रा निकाली. यात्रा में मठ से जुड़े संत, महंत, विद्वान एवं श्रद्धालु यज्ञ देवता तथा लक्ष्मीनारायण का जयघोष करते हुए शामिल हुए. अरणि मंथन के साथ यज्ञ शाला में अग्नि स्थापन के बाद स्वाहाकार की मंगल ध्वनि प्रारंभ हो गई. इसके पूर्व प्रायश्चित कर्म, दश्विद स्नान, गणेश अम्बिका पूजन, स्थापन पूजन, कलश पूजन, सर्वतोभद्र मंडल की शास्त्रोक्त विधियाँ भी संपन्न हुई. यज्ञ में श्रीसूक्त एवं पुरुषसूक्त से आहुतियाँ समर्पित की जाएगी. यज्ञ के यजमान समूह में वर्षा शर्मा, अनंत महंत एवं विनोद कुमार जोशी शामिल हैं जिन्होंने विद्वान आचार्यों के निर्देशन में यज्ञ कुंड एवं उसके पूर्व यज्ञ शाला में विधि विधान से पूजन कर लक्ष्मीनारायण महायज्ञ में आहुतियाँ समर्पित करने का क्रम प्रारंभ किया. सैकड़ों श्रद्धालुओं ने यज्ञ देवता के जयघोष के बीच यज्ञ शाला की परिक्रमा भी की।

23 को बटुकों का यज्ञोपवीत

बसंत पंचमी पर 23 जनवरी को सुबह 9 बजे से विश्व ब्राह्मण समाज संघ एवं हंसदास मठ के संयुक्त तत्वावधान में ब्राह्मण बटुकों का यज्ञोपवीत संस्कार भी होगा. विश्व ब्राह्मण समाज संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. योगेन्द्र महंत ने बताया कि यज्ञोपवीत में शामिल होने के इच्छुक बटुक महंत अमितदास से सम्पर्क कर सकते हैं.

सनाढ्य ब्राह्मण समाज के परिचय सम्मेलन का पहला न्योता खजराना गणेश को समर्पित

इंदौर. श्री सनाढ्य ब्राह्मण सभा द्वारा विवाह योग्य युवक-युवतियों के लिए आयोजित किए जा रहे परिचय सम्मेलन का पहला न्योता सोमवार को खजराना गणेश को समर्पित किया गया. सभा द्वारा इस बार भी राज्य के सभी प्रमुख समाज बाहुल्य जिलों में एक ही दिन 29 मार्च को, एक ही समय सुबह 10 बजे से एवं एक ही परिचय पुस्तिका के आधार पर कराने का निर्णय लिया है.

इंदौर में भी यह परिचय सम्मेलन 29 मार्च को सुबह 10 बजे से राजीव गांधी चौराहा स्थित शुभकारज गार्डन पर होगा. उ सोमवार को सभा के पदाधिकारियों ने खजराना गणेश मंदिर में पहुंचकर आयोजन के निर्बाध संपन्न होने की प्रार्थना के साथ पहला न्योता समर्पित किया. इस अवसर पर अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा, महासचिव संजय जारोलिया एवं उपाध्यक्ष भगवती शर्मा, अनिल शर्मा, पप्पू शर्मा, संरक्षक नरेन्द्र तिवारी, राधेश्याम शर्मा, संतोष पाराशर, दीपक शर्मा, संजय बिरथरे, तरुण बिरथरे, राजेन्द्र दुबे, शेखर शुक्ला, संजय उपाध्याय, डॉ.अजय वशिष्ठ, किशोर शुक्ला, हेमंत शर्मा, देवेंद्र शर्मा (वैशाली नगर), संजय बुधोलिया, पं. बलवीर मुंडोतिया, पं. सत्यनारायण डंडोतिया, पुष्पा शर्मा, वन्दना शर्मा, अनिता शर्मा, राखी शर्मा, ममता बुधोलिया, संध्या गोस्वामी, सुषमा पाराशर, सरिता वशिष्ठ, नीति बिरथरे, दर्शना शर्मा, विजय शुक्ला, वंदना उदैनिया, रेणुका श्रोत्रिय एवं भावना पाराशर सहित बड़ी संख्या में समाज के बंधु मौजूद थे.

कार्यालय नगर पालिक निगम, इन्दौर

(उद्यान विभाग सिविल मुख्यालय)

E-mail: gardendepartmentcivil@gmail.com

निविदा विज्ञप्ति क्र.: 34/उ.सिविल/25-26/जी-01-05

निविदा आमंत्रण

दिनांक: 16.01.2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार से (MPUADD Building, Road & Bridge, SOR/ NON SOR), DATE 02.08.2021 पर आधारित ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण https://mptenders.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

ग्रुप क्र.	टेंडर आईडी	कार्य का नाम	कार्य की समयवधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी.	निविदा क्रय करने एवं खोलने की अंतिम तिथि
01	2026_UAD_476236_1	स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत झोन क्र. 11 वार्ड क्र. 48 के विभिन्न उद्यानों में आवश्यक सिविल कार्य करना।	120 दिवस ₹11,32,511/-	₹ 2,000/- ₹8,500/-	16.02.2026 6.00 PM 18.02.2026
02	2026_UAD_476242_1	स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के क्रम में झोन क्र 18 वार्ड क्र. 63 के अंतर्गत आने वाले उद्यानों में सौन्दर्यीकरण एवं आवश्यक सिविल कार्य करने बाबद्।	180 दिवस ₹30,11,872/-	₹ 5,000/- ₹22,600/-	16.02.2026 6.00 PM 18.02.2026
03	2026_UAD_476247_1	झोन क्र. 06 वार्ड क्र. 22 में SBM 2026 सेवन स्टार रेटिंग के अंतर्गत गार्डनों में रंगाई पुताई रिपेयरिंग, पेव्हर ब्लॉक रिफिक्सिंग एवं आवश्यकतानुसार अन्य आवश्यक सिविल कार्य करना।	120 दिवस ₹13,03,868/-	₹ 2,000/- ₹9,800/-	16.02.2026 6.00 PM 18.02.2026
04	2026_UAD_476250_1	झोन क्र. 06 वार्ड क्र. 25 में SBM 2026 सेवन स्टार रेटिंग के अंतर्गत गार्डनों में रंगाई पुताई रिपेयरिंग, पेव्हर ब्लॉक रिफिक्सिंग एवं आवश्यकतानुसार अन्य आवश्यक सिविल कार्य करना।	120 दिवस ₹13,08,728/-	₹ 2,000/- ₹9,900/-	16.02.2026 6.00 PM 18.02.2026
05	2026_UAD_476258_1	स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत झोन क्र. 05 वार्ड क्र. 23 में आने वाले विभिन्न उद्यानों में आवश्यक सिविल संधारण कार्य एवं रंगाई पुताई का कार्य करना।	90 दिवस ₹9,98,956/-	₹ 2,000/- ₹10,000/-	02.02.2026 6.00 PM 04.02.2026

नोट : निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in/ की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

प्रतिबंधित पॉलिथीन, कैरीबेग के निर्माण/ विक्रय/ उपयोग करने पर दंड व सजा का प्रावधान है।

कार्यपालन यंत्री
उद्यान सिविल
नगर पालिक निगम, इन्दौर